राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 19 अगस्त। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गाँधी की 77वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 20 अगस्त 2021 को प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 20 अगस्त को प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पुष्पांजलि, वृक्षारोपण एवं फल वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर 20 अगस्त को प्रातः 10.00 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, सांसद, विधायकगण, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, जयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी तथा विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगणों सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

\- - - -

Created by Universal Document Converter